कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 11.09.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
गुरू संग गोठ कार्यक्रम आयोजित
युवाओं में बढ़ती असहनशीलता पर संवाद

शास डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ एवं युथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वाधान में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर ''युवाओं में बढ़ती असहनशीलता'' विषय पर संवाद कार्यक्रम गुरू संग गोठ आयोजित किया गया।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि इस कार्यक्रम में छात्राओं एवं प्राध्यापकों के बीच प्रश्नोत्तर के माध्यम से विषय-वस्तु पर संवाद किया गया। उन्होनें बताया कि युवाओं में बढ़ती असहनशीलता चिंता जनक है जिसके कई कारण है जैसे- अतिमहत्वकांक्षा, अपेक्षा, घटता आत्म-नियंत्रण जैसे विषय शामिल है।

गृहविज्ञान की शोध छात्रा तबस्सुम अली ने इंटरनेट और सोशल मीडिया के प्रभाव पर प्रकाश डाला। कु. युक्ति देशमुख ने बढ़त सामाजिक दबाव एवं शिक्षा पद्धति पर चर्चा की। कु. आईनी धृतलहरे ने युवाओं में असहनशीलता के लिये बेरोजगारी को मुख्य कारण बताया। कु. चंद्रसुधा ने टी.वी. धारावाहिक, फिल्मों तथा ओटीपी के दुष्प्रभाव पर अपने विचार रखे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि इसके रोकथाम के लिए जागरूकता और सक्रियता से जान बचाई जा सकती है। निराशा, अवसाद, तनाव, डर, अपमान तथा आत्मविश्वास में कमी इसके प्रमुख कारण है। किशोर अवस्था से ही जीवन जीने की कला के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिये।

डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि प्रशिक्षित काउंसलर के सहयोग से बहुत सी मानसिक समस्याओं का हल निकल सकता है। उन्होनें आंकड़ों के माध्यम से बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि मनोबल बढ़ाने व विश्वास पैदा करने पर हम इस समस्या से निजात पा सकते है।

डॉ. अल्का दुग्गल ने छात्राओं के प्रश्नों पर विस्तार से चर्चा की और जागरूकता कार्यक्रम के द्वारा ही युवाओं को सही दिशा दी जा सकती है।

कार्यक्रम में छात्राओं को जागरूकता की शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुषमा यादव ने किया तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती ज्योति भरणे ने किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्रायें तथा प्राध्यापक उपस्थित थे।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
गर्ल्स कॉलेज में
गुरू संग गोठ कार्यक्रम आयोजित